卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 52 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦बृहस्पतिवार ♦27 नवम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## हादसे में दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत

### सामने से आई बाइक से टक्कर के बाद डंपर ने कुचला

हरिद्वार। कनखल थाना क्षेत्र के लक्सर–हरिद्वार मार्ग पर गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसमें पासपोर्ट बनवाने जा रहे दो सगे भाइयों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में मारे गए युवकों की पहचान साकिब (21 वर्ष) और वासिक (19 वर्ष) के रूप में हुई है, जो कटारपुर गांव के निवासी थे। दोनों भाई बाइक से हरिद्वार की ओर जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक दोनों भाई गुरुवार सुबह पासपोर्ट संबंधी कार्य के लिए घर से निकले थे। जैसे ही वे जियापोता गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक



बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और तभी पीछे से तेज गति से आ रहा एक डंपर दोनों भाइयों के ऊपर चढ़ गया। डंपर की चपेट में आते ही दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना इतनी भयावह थी कि आसपास मौजूद लोग भी दहशत में आ गए और देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। कनखल थाने में तैनात एसएसआई सतेंद्र भंडारी ने बताया कि दोनों युवकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं और फरार डंपर चालक की तलाश की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि चालक को (शेष पृष्ठ सात पर)

## बीमारी से परेशान व्यक्ति ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब एक वर्ष पूर्व सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद घर में ही रहते परेशान हो जाने से बुधवार की सायं एक व्यक्ति ने कमरा अंदर से बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम पिपलिया नम्बर एक महतोष निवासी 32 वर्षीय विवास राय पुत्र विकास राय करीब एक वर्ष पूर्व सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। रीढ़ की हड्डी में चोट लगने के कारण वह तब से घर में ही रह रहा था। परिवार में उसकी पत्नी व माता पिता उसकी देखभाल करते थे। कोई काम न कर खुद को घर में रहते हुए विवास मानसिक रूप से परेशान होने लगा था। बताया जाता है कि बुधवार को उसकी पत्नी व माता पिता एक विवाह समारोह में शामिल होने गये थे। इसी दौरान विवास ने सायंकाल अपने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया और साड़ी से फांसी का फंदा बनाकर घर की छत की बल्ली से लटक गया। कुछ देर बाद जब परिजन घर वापस लौटे तो उन्होंने विवास को खाना खाने के लिए आवाज दी। जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन उसे बुलाने आये जहां कमरा अंदर से बंद मिला। जब (शेष पृष्ठ सात पर)

## दबंगों ने बारात पर किया पथराव, कई घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।बुधवार की रात्रि आजादनगर ट्रांजिट कैम्प में शमशान घाट रोड़ पर आयोजित एक विवाह समारोह में वधू के आवास जा रही बारात पर क्षेत्र के ही कुछ दबंग युवकों ने पथराव कर दिया। जिससे बारातियों में अफरातफरी मच गई। खुशी के इस माहौल में अचानक चीख पुकार होने लगी। इस घटना में कुछ लोगों को चोटें भी आई। मामले की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिसकर्मी



मौके पर पहुंचे। जिन्हें देखकर दबंग युवक वहां से भाग निकले। परंतु थोड़ी देर बाद ही वह दबंग युवक अपने अन्य साथियों को साथ लेकर फिर से वहां आ धमके और पत्थर बरसाने लगे। जिस पर पुलिस ने उनकी पीछा किया लेकिन युवक मौके से भाग गये। घटना से लोगों में भारी रोष देख जा रहा है। बताया जाता है कि बुधवार की रात्रि आजादनगर शमशानघाट रोड़ पर दिलीप दास की पुत्री का विवाह था। बारात घर के पास पहुंच चुकी थी । इसी दौरान क्षेत्र के ही कुछ दबंग युवक (शेष पृष्ठ सात पर)

## औचक निरीक्षण से भवन स्वामियों में हड़कम्प

किच्छा (उद संवाददाता)। विकास प्राधिकरण, जिला प्रशासन तहसील प्रशासन खाद्य आपूर्ति विभाग एवं विद्युत विभाग द्वारा सिरौली के वार्ड नंबर 19 में बगैर नक्शे के बनाए गए भवनों एवं स्टांप पर खरीदे गए भूमि की जांच पड़ताल करते हुए निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रशासन द्वारा क्षेत्र में विद्युत कनेक्शन भूमि की जांच एवं बगैर नक्शे के पास कराए गए भवनों की जांच किए जाने को लेकर के लोगों में हड़प्प मच गया। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में बीते कई वर्षों से भूमि स्टांप पर



खरीदना बेचना एवं विद्युत कनेक्शन वितरित किए जाने के अलावा राशन कार्ड बनाए जाने की तमाम शिकायतों को लेकर के प्रशासन जांच कर रहा था। इस दौरान विकास प्राधिकरण ने भी क्षेत्र में जांच करते हुए बगैर नक्शे के बनाए गए भवनों का डाटा तैयार करते हुए सूचीबद्ध किया हुआ था। साथ ही स्टांप पर लगे हुए विद्युत कनेक्शन की भी सूची तैयार कर प्रशासन को दी गई थी। स्टांप पर भूमि खरीदने और बेचने को लेकर के सरकार को राजस्व की हानि हो रही (शेष पृष्ठ सात पर)

## धामी ने नैनीताल में मॉर्निंग वॉक के दौरान जीता लोगों का दिल

### जनता से की मुलाकात, नैना देवी मंदिर सौंदर्यीकरण कार्यों का किया निरीक्षण

नैनीताल। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में मॉर्निंग वॉक के दौरान आम नागरिकों, पर्यटकों एवं स्कूली बच्चों









से मुलाकात की और सबके साथ आत्मीय वार्ता की उनके सहज और सरल व्यवहार ने लोगों का एक बार फिर दिल जीत लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय चाय विक्रेता भरत की दुकान पर चाय का स्वाद भी लिया।मुख्यमंत्री ने मानस खंड मिशन के अंतर्गत नैना देवी मंदिर परिसर में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। बताया कि मंदिर को और अधिक भव्य व आकर्षक स्वरूप देने हेतु 11 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिसके तहत कई महत्वपूर्ण कार्य तेजी से प्रगति पर हैं।इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने मिशन के अन्य विकास कार्योंडीएसए मैदान के सुधार, वलिया नाला, एवं ठंडी सड़क पर भूस्खलन सुरक्षा कार्यों की भी जानकारी अधिकारियों से ली और संबंधित विभागों को इन सभी कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। नैनीताल की शांत वादियों में प्रात:काल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का साधारण नागरिकों के बीच पहुंचना एक बार फिर उनके सहज, जनसरोकारों और जमीन से जुड़े नेता की छवि को प्रदर्शित करता है। सुबह की स्वच्छ हवा में टहलते हुए मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों, दुकानदारों, युवाओं और पर्यटकों से आत्मीय (शेष पृष्ठ सात पर)

## नैनीताल प्रवास के दौरान सीएम ने सुनी जन समस्याएं

नैनीताल । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को अपने नैनीताल प्रवास के दौरान प्रशासनिक अकादमी नैनीताल





में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई जनता से मुलाकात की व उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम सौड़ से आए ग्रामीणों द्वारा पंगोट देचौड़ी सड़क स्वीकृति पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि काफी लंबे समय से उनकी सड़क निर्माण की जो मांग थी आज उनके द्वारा पूरी कर ली गई है, इससे क्षेत्र वासियों को सड़क सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। इस दौरान ग्रामीणों ने राजकीय इंटर कॉलेज सौड़ में अध्यापकों की तैनाती एवं भवन निर्माण की मांग भी मुख्यमंत्री के सम्मुख रखी। (शेष पृष्ठ सात पर)

## सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने के निर्देश

नैनीताल । अपने नैनीताल भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बढ़ रहे ठंड को देखते हुए प्रदेशभर में रेन बसेरों में आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के साथ ही ठंड एवं शीतलहर से बचाव हेतु अलाव जलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि रेन बसेरों में सभी उचित व्यवस्था की जाए तथा जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु कंबल उपलब्ध कराए जाए । मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर जिले में टीमों को सक्रिय रखते हुए शहरों, कस्बों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित



की जाए, ताकि असहाय एवं बेघर लोगों को समय पर राहत मुहैया कराई जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है । उन्होंने नगरीय क्षेत्रों के साथ ही कस्बों में भी सायंकाल में ठंड अधिक होने पर नियमित रूप से अलाव जलाने के साथ ही नियमित उनकी मोनिटरिंग के भी निर्देश दिए।इसके साथ ही उन्होंने प्रशासन से आवश्यक सामग्री की उपलब्धता, वितरण और निगरानी की दैनिक रिपोर्ट उपलब्ध कराने को भी कहा है।

# श्रमिकों ने श्रम भवन पर दिया धरना, श्रम संहिताओं की प्रतियां जलाई

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मोदी सरकार द्वारा देशी विदेशी बड़े पूँजीपतियों के इशारे पर पूरे देश में मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं को लागू करने के विरोध में श्रमिक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले श्रम भवन पर धरना दिया और नई श्रम संहिताओं की प्रतियां जलाई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि चार श्रम संहिताओं को लागू करके मोदी सरकार ने मजदूरों के स्थाई नौकरी पाने, संगठित होने और हड़ताल करने के अधिकारों पर भारी चोट की है। स्थाई काम पर ठेका, कैजुअल, ट्रेनिंग और फिक्स टर्म के रूप में अस्थाई और अधिकार विहीन मजदूरों को नियोजित करने हेतु मालिकों को असीमित कानूनी छूट व अधिकार दे दिए हैं। आठ घंटे कार्यदिवस के अधिकार को एक तरह से छीन लिया है। पेंशन, पीएफ, ग्रेच्युटी, ईएसआई, ग्रेच्युटी के अधिकार पर भी हमले किये गये हैं। महिला मजदूरों को रात की पाली में और खतरनाक उद्योगों में कार्य कराने की छूट देकर महिला श्रमिकों और उनके बच्चों की स्वास्थ्य, जीवन और सुरक्षा को खतरे में डाला गया है। श्रम विभाग और श्रम न्यायालयों को कमजोर और पंगु बनाने की साजिश रची गईं है। विगत डेढ़ दो सौ वर्षों के दौरान अनगिनत बलिदानों और संघर्ष के बल पर हासिल अधिकारों पर भारी हमला बोला गया है। वक्ताओं ने कहा कि एक तरफ मोदी सरकार द्वारा बड़े ख्र बड़े पूँजीपतियों के लाखों करोड़ रूपये के लोन







और टैक्स माफ किये गये हैं, तो वहीं नई श्रम संहिताओं को लागू करके मजदूरों को गुलामी की जंजीरों में जकड़ने की कवायद की जा रही है। क्योंकि नई श्रम संहिताओं के रूप में पूँजीपति वर्ग द्वारा भारत देश के मजदूर वर्ग पर राजनीतिक हमला बोला गया है। वक्ताओं ने कहा कि जिन चार श्रम संहिताओं को सरकार बहुत अच्छा बता रही है वे दरअसल मजदूरों की गुलामी के दस्तावेज हैं। पुराने 44 श्रम कानूनों में जो अधिकार मजदूरों को हासिल थे, उन अधिकारों में कटौती करके सरकार ने नए सिरे से 4 श्रम संहिता बना दी हैं। पहले से ही सरकार के मजदूर विरोधी रुख के कारण मजदूर बदहाली में जी रहा था। लेकिन अब नए श्रम संहिताओं में अपनी बदहाली के खिलाफ न्याय का दरवाजा भी नहीं खटखटा सकता है। पहले श्रमिक अपनी योग्यता के दम पर 58 वर्ष की उम्र तक स्थाई नौकरी फैक्ट्रियों में पा लेते थे। लेकिन इन 4 श्रम संहिताओं के लागू होने के बाद स्थाई नौकरी के बजाय निश्चित अवधि यानि फिक्स्ड टर्म जॉब होगी। निश्चित अवधि की नौकरी के बावजूद श्रमिक के ऊपर हमेशा हायर एंड फायर पॉलिसी के तहत फायर होने(नौकरी से निकाले जाने ) का खतरा बना रहेगा। मजदूरों के यूनियन बनाने के अधिकार को कमजोर किया गया है जिससे कंपनी मालिक मजदूरों का बेतहाशा शोषण करने में कामयाब होगा। नए श्रम संहिताओं में अब कोई भी 300 श्रमिक नियुक्त करने वाला कंपनी मालिक मनमर्जी से जब चाहे तब , बिना राज्य सरकार से अनुमति प्राप्त किए कंपनी बंद कर सकता है। पहले श्रम कानूनों में यह सीमा 100 श्रमिक की थी।वक्ताओं ने कहा कि हम लगातार पाते हैं कि फैक्ट्रियों में किस तरह से प्रबंधन वर्ग मजदूरों का शोषण करता है। शोषण से तंग आकर कभी कभी मजदूर हड़ताल करके शोषण के खिलाफ आवाज उठा पाता था । जो कि पुराने कानूनों में उसका कानूनी हक था। लेकिन अब नई श्रम संहिताओं में यह हक भी खत्म कर दिया गया है। हड़ताल करने वाले मजदूरों को अपराधिक कानून के तहत जेल जाना पड़ सकता है। जाहिर है कि श्रम संहिताओं को मजदूरों को गुलाम बनाने के लिए लाया गया है। कार्यक्रम को इंकलाबी मजदूर केंद्र के कैलाश भट्ट, सुरेंद्र, सी एस टी यू के धीरज , भाकपा (माले) के ललित मटियाली, ऐक्टू की अनिता अन्ना, इंटरार्क मजदूर संगठन के फिरोज, समाजसेवी सुब्रत विश्वास, डॉल्फिन मजदूर संगठन की सुनीता, बजाज मोटर्स कर्मकार यूनियन के हीरा सिंह राठौर ,ऐक्टू शहर अध्यक्ष उत्तम दास, बजाज मोटर्स कर्मकार यूनियन के अध्यक्ष जगमोहन डसीला, जेबीएम थाई सुमित नील ऑटो यूनियन के विवेक पांडे, वोल्टास यूनियन के पुरुषोत्तम मौर्या आदि ने संबोधित किया। धरने में एल जी बी वर्कर्स यूनियन, सी आई ई इंडिया यूनियन , रॉकेट यूनियन , याजाकी वर्कर्स यूनियन, डेल्टा एम्प्लाइज यूनियन, ऑटोलाइन एम्प्लाइज यूनियन, ऐरा श्रमिक संगठन आदि के सैकड़ों श्रमिक मौजूद थे ।

# दिनेशपुर के दिलीप अभिनेता धर्मेन्द्र की फिल्मों में प्रोडक्शन में कर चुके काम

## अभिनेता धर्मेन्द्र के प्रोडक्शन में बनी बरसात में दिलीप ने प्रोडक्शन की जिम्मेदारी निभाई

-मुकेश कुमार-

गदरपुर। दिनेशपुर के गांव चित्तरंजनपुर (उत्तराखण्ड) की मिट्टी में पले-बढ़े दिलीप विश्वास बीते 37 वर्षों से वे मुंबई की मायानगरी में प्रोडक्शन की दुनिया में अपनी मेहनत, सच्चाई और लगन से एक अलग पहचान बना चुके हैं। दिलीप के अनुसार महान अभिनेता धर्मेंद्र के साथ काम करने और उनके सान्निध्य में समय बिताने का उनको अवसर मिला। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन की खबरों के बीच, बॉलीवुड और पूरे देश में शोक की लहर है। उनके निधन की खबर से मुंबई की माया नगरी में शोक छा गया है, जहाँ अंतिम संस्कार में कई सितारे और परिवार के लोग शामिल हुए। उनके निधन पर विभिन्न हस्तियों ने शोक व्यक्त किया है। कल शाम को दिनेशपुर के रंगकर्मी मनोज राय उर्फ मुन्ना से फोन पर वार्ता हुई जिसमें दिलीप के शब्दों में, धर्मेंद्र जी केवल एक सुपरस्टार ही नहीं, बल्कि अपनापन देने वाले, स्नेह से भरपूर ऐसे इंसान हैं जिनसे जुड़ी अनगिनत यादें आज भी उनके दिल को भावुक कर देती हैं। धर्मेंद्र का अंतिम संस्कार पवन हंस श्मशान घाट, विले पार्ले, मुंबई में दिलीप विश्वास पहुंचकर दिनेशपुर उनके परिवार को साझा किया। दिलिप के अनुसार 1989 से लगभग 200 से अधिक फिल्मों में प्रोडक्शन का कार्य किया है। बताया कि धर्मेंद्र के प्रोडक्शन में बनी फिल्म "बरसात" में वह पूरी लगन से प्रोडक्शन की जिम्मेदारी निभाई। मनाली की ठंडी हवाओं, पहाड़ों की खामोशी और उस फिल्म की शूटिंग के दौरान गुजरे पल-ये सब आज भी दिलीप की यादों में उसी गर्मजोशी से जीवित हैं। उन्होने बताया कि बरसात फिल्म में अभिनेता टविंकल खन्ना के सारी जिम्मेदारी मेकअप से लेकर सभी सामान का देखरेख आदि कर चुके है। उन्होनें बताया कि मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्राप, डिंपल कपाड़िया आदि फिल्म अभिनेता के साथ विदेशों में बनी फिल्मों की प्रोडक्शन में जिम्मेदारी निभा चुके है। वह दिनेशपुर चित्तरंजनपुर से निकलकर मायानगरी मुम्बई अपने परिवार के साथ शिप्ट हो गए है। दिलीप अपने घर भाईयों के पास दुर्गा पूजा में हर साल पहुंचते है। रंगकर्मी मनोज राय ने अपनी प्रतिक्रियाये देते हुए बताया कि दिलिप भाई दिलीप भाई को महान अभिनेता धर्मेंद्र जी के साथ काम करने और उनके सान्निध्य में समय बिताने का अवसर मिला।



# राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में तनीशा चावला ने निभाई लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका

गदरपुर(उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में संसदीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय युवा संसद (तरुण सभा) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अवधेश नारायण सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय युवा संसद (तरुण सभा) प्रतियोगिता में गदरपुर की बेटी तनीशा चावला ने लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका निभाई ।तनीशा चावला की अध्यक्षता में शिक्षा,वित्त, स्वास्थ्य, विकास, परिवहन, पर्यटन, देश की रक्षा व्यवस्था आदि विषयों पर पक्ष व प्रतिपक्ष के मध्य व्यापक




चर्चा व संवाद हुआ । इस कार्यक्रम में प्रदूषण पर प्रहार नामक प्रस्ताव पर चर्चा कर सदन में पारित किया गया। विधायक शिव अरोरा ने तनीशा चावला द्वारा निभाई गई लोकसभा अध्यक्ष की शानदार भूमिका की सराहना की । राष्ट्रीय युवा संसद (तरुण सभा) प्रतियोगिता 2024-25 में भी तनीशा चावला द्वारा लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका निभाई गई थी और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण ऊधम सिंह नगर जिले में सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त किया था साथ ही तनीशा चावला की अध्यक्षता में महाविद्यालय ने कुमाऊं मण्डल में प्रथम और राज्य में पांचवा स्थान प्राप्त किया था । उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग के उपनिदेशक प्रोफेसर आर. एस. भाकुनी के द्वारा तनीशा चावला को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया था । इसी वर्ष तनीशा चावला कुमाऊं केसरी द्वारा आयोजित देवभूमि आइकन अवार्ड प्राप्त करने वाली सबसे कम उम्र की युवा अवार्ड विजेता भी बनी। कार्यक्रम में डॉ.प्रदीप कुमार,डॉ.सर्वजीत,डॉ. राजेश कुमार, डॉ.विवेकानंद पाठक,डॉ. अपर्णा सिंह, डॉ.रूमा शाह सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# उज्ज्वला उपभोक्ताओं से ई-केवाईसी कराने की अपील

गदरपुर। इंडियन गैस सर्विस गदरपुर द्वारा उज्ज्वला योजना के सभी उपभोक्ताओं को अपना ई-केवाईसी समय पर पूरा कराने की अपील की गई है। गैस सर्विस के मैनेजर गणेश आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी रिफिल उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगा, जिनकी ई-केवाईसी पूरी हो चुकी होगी।उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाई है, वे जल्द से जल्द बुध बाजार स्तिथ गदरपुर गैस सर्विस के कार्यालय में संपर्क कर इसे पूर्ण करवा लें। कार्यालय में उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी प्रक्रिया से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। वही जिन उपभोक्ताओं ने ई केवाईसी करानी है वह स्वयं अपना आधार कार्ड और गैस बुक लेकर कार्यालय स्टाफ से संपर्क करें। गैस सर्विस प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी ई-केवाईसी अवश्य पूरी करा लें, ताकि गैस रिफिल प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# मैरिज हॉल कैंपस से कीमती बैटरा चोरी

काशीपुर। मैरिज हॉल परिसर से अज्ञात चोरों ने हजारों रुपए कीमत की बैटरी पर हाथ साफ कर दिया। प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कलश मंडप के प्रबंधक नरेंद्र सिंह चौहान पुत्र कैलाश चौहान ने बताया कि बीते 22 नवंबर को 2:00 बजे से 3:00 बजे के बीच कलश मंडप परिसर में रखे 32 केवी के एक जनरेटर एवं पीपल गांव निवासी नितिन कुमार जिनका ट्रैक्टर मैरिज हॉल की पार्किंग में खड़ा था उसमें से अज्ञात चोरों ने कीमती बैटरी उड़ा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मैरिज हॉल के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# संविधान दिवस पर आयोजित किए अनेक कार्यक्रम

रानीखेत (उद संवाददाता)। स्वर्गीय श्री दत्त वैला स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रानीखेत में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज के समक्ष राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम् के सामूहिक गान से हुई। सामूहिक गान के उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पुष्पेश पांडे ने वन्देमातरम् गीत के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह गीत स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देशवासियों में देशभक्ति, समर्पण और एकता की भावना जागृत करने मेंअत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। इसके पश्चात महाविद्यालय के सभागार में संविधान दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. पुष्पेश



पांडे द्वारा की गई तथा मुख्य अतिथि पिलखोली जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कुमार रहे। राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. बृजेश कुमार जोशी द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ संविधान के रचयिता बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर व संविधान निर्माण में अहम भूमिका का निर्वहन करने वाले सभी विद्वान मनीषियों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। विभागीय प्राध्यापक डॉ. धीरज सिंह खाती ने भारतीय संविधान की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। राजनीति विज्ञान के शोधार्थियों कृति डालाकोटी एवं अमन बोरा ने संविधान निर्माण के उद्देश्यों एवं यात्रा को रेखांकित किया। विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों ने संविधान के विभिन्न पक्षों जैसे मूल अधिकार, कर्तव्य, लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक व्यवस्था पर अपने विचार व्यक्त किए, जिससे छात्रों में संविधान के अध्ययन व समझ को बढ़ावा देने की प्रेरणा मिली। अँग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. बरखा रौतेला ने संविधान में वर्णित शिक्षा के अधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन के पश्चात् प्राचार्य महोदय द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को संविधान शपथ भी दिलायी गई।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# बारात सीजन में लगने वाले जाम को लेकर एसएसपी ने जारी किए दिशा निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जनपद में बारात सीजन में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस कप्तान मंजूनाथ टीसी ने कई दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि बारात सीजन में बड़े डीजे, बड़े-बड़े व्हील लाइटिंग झालर व 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर प्रतिबंध होगा इसका उल्लंघन पर कार्यवाही होगी। इस संदर्भ में पुलिस कप्तान ने सभी पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। वर्तमान में चल रहे शादी विवाह सीजन एवं लगातार बढ़ रहे यातायात दबाव को देखते हुए एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए जाने हेतु सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों तथा सभी यातायात निरीक्षकों को कड़े निर्देश जारी किए हैं।बारात सीजन में अनियमितताओं के कारण जनपद में कई स्थानों पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी, जिससे आमजन, विद्यार्थियों तथा बुजुर्गों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एसएसपी ने कड़ाई से नियम लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सभी वेडिंग पॉइंट, बैंक्वेट हॉल एवं वेडिंग आयोजनों पर पुलिस



द्वारा विशेष निगरानी रखी जाएगी। सभी वेडिंग हॉल संचालकों, डीजे संचालकों, बड़े व्हील लाइटिंग झालरों के संचालकों के साथ बैठक आयोजित कर नियमों की जानकारी एवं अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बारात समारोह में पहियों वाले बड़े बड़े लाइटिंग झालर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे, उल्लंघन पर नियमानुसार जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। केवल हाथ से पकड़कर चलाए जाने वाले लाइटिंग झालर की अनुमति रहेगी। बारात घर/वेन्यू के गेट से बारात की लंबाई अधिकतम 200 मीटर तक ही सीमित रखी जाएगी, जिससे यातायात प्रभावित न हो। उन्होंने बताया कि बारात समारोह की हेड और टेल को अनुशासित एवं सुव्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाएगा। शादी समारोह में सड़कों में हाईबेस बड़े बड़े डीजे का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। स्थानीय जनता, बुजुर्गों की शांति एवं बच्चों की पढ़ाई में बाधा को देखते हुए रात 10 बजे के बाद डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा। शिकायत प्राप्त होने पर डीजे नियमानुसार जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। सभी संबंधित पुलिस अधिकारी क्षेत्र में होने वाली किसी भी अनियमितता पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उक्त निर्देशों का अनुपालन कराने का उत्तरदायित्व स्थानीय थाना व चौकी प्रभारी की होगी। एसएसपी ने कहा है कि नैनीताल जनपद पुलिस जनपद वासियों से अपील करती है कि शादी समारोह को सुव्यवस्थित, विनम्र और यातायात नियमों के अनुरूप आयोजित करें। नियमों का पालन कर सभी के लिए सरल, सुरक्षित और सुगम यातायात बनाए रखने में सहयोग करें। नियमों के उल्लंघन की सूचना कंट्रोल रूम के नंबर 9411112979 या 112 पर रहेगा,शिकायत प्राप्त होने पर डीजे नियमानुसार जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। सभी संबंधित पुलिस अधिकारी क्षेत्र में होने वाली किसी भी अनियमितता पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।उक्त निर्देशों का अनुपालन कराने का उत्तरदायित्व स्थानीय थाना व चौकी प्रभारी की होगी।

# पटवारी व कानूनगो पर किया हमला, सरकारी दस्तावेज फाड़े

रामनगर(उद संवाददाता)। थारी (ग्राम कंदला) क्षेत्र से सरकारी ड्यूटी पर तैनात महिला पटवारी और कानूनगो पर हमले का गंभीर मामला सामने आया है। बुधवार को जमीन की नापजोख के दौरान महिला पटवारी पूनम और कानूनगो हरीश यादव पर कुछ लोगों ने अभद्रता, धक्का-मुक्की और धमकी देते हुए सरकारी दस्तावेज फाड़ दिए। जानकारी के मुताबिक ग्राम कंदला निवासी आशा रावत की भूमि पर कब्जे का विवाद चल रहा है। राजस्व टीम धारा 41 एनआर एक्ट के तहत भूमि की नापजोख करने पहुंची थी। इसी दौरान एक परिवार, जिस पर जबरन कब्जे का आरोप है, मौके पर पहुंचा और नापजोख रुकवाने के इरादे से हंगामा करने लगा। महिला पटवारी और राजस्व निरीक्षक का आरोप है कि आरोपियों ने दस्तावेज छीनकर फाड़ दिए और टीम के साथ मारपीट व अभद्रता की। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के कारण नापजोख की प्रक्रिया अधूरी रह गई। मामले की जानकारी मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। उपजिलाधिकारी रामनगर प्रमोद कुमार ने बताया कि राजस्व टीम से अभद्रता और सरकारी दस्तावेज नष्ट किए जाने की सूचना उनके संज्ञान में आ गई है, जो गंभीर अपराध है। इसके बाद घटना की जानकारी तुरंत रामनगर थाने को दे दी गई। एसडीएम ने कानूनगो और पटवारी को तुरंत तहरीर देने के निर्देश जारी किए ताकि आरोपियों पर नियम अनुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्य में बाधा डालना, दस्तावेज नष्ट करना और राजस्व कर्मचारियों के साथ अभद्रता करना दंडनीय अपराध है, और प्रशासन आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाएगा। घटना के बाद राजस्व विभाग के कर्मचारियों में रोष है। उनका कहना है कि ऐसे बढ़ते मामलों पर प्रशासन को कार्रवाई तेज करनी चाहिए, ताकि सरकारी टीमें सुरक्षित वातावरण में अपना कार्य कर सकें। ग्राम कंदला में हुई इस घटना ने एक बार फिर विवादित भूमि मामलों में राजस्व कर्मियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मण्डल की जिला और अन्य इकाइयों का होगा गठन: वीरेंद्र

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशवो प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मण्डल व्यापारी और जनहित से जुड़ी समस्याओं के संघर्ष में हमेशा व्यापारियों के साथ खड़ा नजर आता हे और आगे भी रहेगा। इसी क्रम में संगठन ने प्रदेश स्तर पर सभी जिला और नगर की इकाइयों की मजबूती हेतु चुस्त पुष्ट करने हेतु पुनर्गठन का अभियान चलाया हुआ है जिसमें तेज तर्रार व्यापारियों को प्रतिनिधित्व हेतु संगठन से सीधे जोड़ा जाएगा और उनको उचित स्थान दिया जाएगा।वीरेंद्र गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आज से 40 वर्ष पूर्व व्यापारी उत्पीड़न के चलते जिन व्यापारी नेताओं ने व्यापारियों को एकजुट कर व्यापार मंडल का गठन करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी उन सभी का मार्गदर्शन प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल को मिलना बड़े सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा संगठन के प्रमुख उद्देश्य व्यापारी हितों के साथ साथ गैर राजनीतिक जनहितो के मुद्दों की लड़ाई में भागीदारी करना , देवभूमि की संस्कृति का प्रचार प्रसार करना और सभी क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास की आवाज को उठाना है। इसलिए संगठन में दूरदराज के लोगो को भी प्रतिनिधित्व दिया जाएगा तभी संगठन के गठन का वास्तविक लक्ष्य पूरा होगा।

# विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। न्याय पंचायत संसाधन केंद्र लाखन मंडी के अंतर्गत आने वाले 12 प्राथमिक, जूनियर, हाई स्कूल के विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण राजकीय उच्च उत्तर माध्यमिक विद्यालय नवाडखेड़ा में संपन्न हुआ। जिसमें 12 विद्यालयों के कुल 60 विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रकाश समग्र शिक्षा, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, बाल अधिकारों व बाल संरक्षण, सामाजिक समपरीक्षा, स्थानीय प्राधिकारी के उत्तरदायित्व, बाल गणना, नामांकन, स्कूल मेपिंग, पीएम पोषण योजना के संचालन में एसएमसी की भूमिका, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु वातावरण निर्माण, स्वच्छता एवं बाल स्वास्थ्य, विद्यालय के वित्तीय प्रबंधन, बालिका शिक्षा कार्यक्रम का महत्व एवं बालिका शिक्षा के अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियां, विद्यालय में भौतिक संसाधनों की उपलब्धता व निर्माण कार्य, आपदा प्रबंधन, विद्यालय



सुरक्षा, साइबर क्राइम, समावेशी शिक्षा एवं समुदाय पर एसएमसी की भूमिका ,विद्यालय विकास योजना के प्रपत्रों की समीक्षा, अन्य विभागों से समन्वय की आवश्यकता आदि विषयों पर चर्चा एवं परिचर्चा कर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तराखंड द्वारा निर्मित मॉड्यूल के अनुसार दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित सदस्यों ने अस्वस्थ किया कि प्रशिक्षण में बताई गई बातों का क्रियान्वयन सभी लोग सक्रियता से अपने-अपने विद्यालयों में छात्र एवं विद्यालय हित में करेंगे।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में डिकर सिंह पडियार, एवं सीआरपी हिमाँशु रौतेला रहे। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी के रूप में राम पाल सिंह प्रधानाचार्य, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवाडखेड़ा भी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे लटकी मिली महिला

किच्छा (उद संवाददाता) संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला घर में फांसी पर लटकी पाई गयी। परिजनों ने उसे नीचे उतार सीएचसी में ले गये। जहाँ चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय काजल पुत्री आनंद पत्नी प्रताप निवासी रजपुरा तीसरी मिल किच्छा का विवाह एक वर्ष पूर्व हुआ था। पति प्रताप भाई सुरेंद्र व उसकी पत्नी मजदूरी करने गए थे। वही सुरेंद्र के बच्चे स्कूल गए हुए थे। बुधवार दोपहर वह स्कूल से लौट कर आये और खेलने चले गए। शाम को जब वह खेल कर लौट कर आये तो काजल बल्ली में दुपट्टे से फांसी लगा लटकी देख वो घबरा गए। बच्चों ने अपनी दादी को बताया। जानकारी मिलने पर कई लोग वहां आ गये उन्होंने काजल को फांसी से नीचे उतार सीएचसी पहुंचाया। एसआई दीपक जोशी ने बताया शव को मोर्चरी भेज दिया गया है। विवाह को एक वर्ष का समय होने पर पंचनामा मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में भरा गया और पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।






# पंजाब की तर्ज पर गन्ना मूल्य बढ़ाने की मांग

किच्छा। उत्तराखंड कांग्रेस के प्रवक्ता एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर राज्य के किसानों के गन्ना मूल्य में तत्काल वृद्धि की मांग की है। उन्होंने कहा कि बार-बार यह कहा जाता है कि आने वाला दशक उत्तराखंड का होगा, लेकिन किसानों की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान न देना इस दावे को कमजोर करता है। ज्ञापन में डॉ. उपाध्याय ने उल्लेख किया कि जहां पंजाब ने गन्ने का मूल्य 416 प्रति क्विंटल निर्धारित कर



देश में उदाहरण प्रस्तुत किया है, वहीं उत्तराखंड में अभी तक गन्ने का मूल्य घोषित न होना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के किसानों की स्थिति और लागत को देखते हुए गन्ने का मूल्य कम से कम घ450 प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाना चाहिए। डॉ. उपाध्याय ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं कई बार खेतों में किसानों के साथ गन्ने की रोपाई करते और खेतों में पटेला लगाते दिखाई देते हैं, जिससे प्रतीत होता है कि वे किसानों के दर्द से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि यह विडंबना है कि जनप्रतिनिधियों का मानदेय कुछ ही मिनटों में तीन गुना कर दिया जाता है, जबकि किसान दिन-रात मेहनत करने के बावजूद अपनी फसल की बिक्री से लेकर भुगतान तक के लिए संघर्ष करते रहते हैं। बेमौसम बारिश, जंगली जानवरों और अन्य चुनौतियों से जूझने के बाद भी किसानों को अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता, जोकि देवभूमि उत्तराखंड के लिए उचित नहीं है।

# फुटबॉल प्रतियोगिता में रुद्रपुर की टीम का शानदार प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर में आयोजित दो दिवसीय कुमाऊँ विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय फुटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता के दूसरे दिन के उद्घाटन मैच का शुभारंभ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच रुद्रपुर और खटीमा की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें रुद्रपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम हाफ में 4-0 की बढ़त बनाई और अंततः मुकाबला 7-1 से अपने नाम किया।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि युवा शक्ति ही देश का भविष्य है। खेल न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि





अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व के गुण भी विकसित करते हैं। मैं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देता हूँ और आशा करता हूँ कि आप सभी भविष्य में प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन और आयोजन समिति की भी सराहना की, जिन्होंने प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अवधेश नारायण सिंह, कुमाऊं विश्वविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार, जिला ओलंपिक एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ नागेश शर्मा, विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय रुद्रपुर डॉ राजेश कुमार, विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी डॉ सुरेंद्र सिंह, विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर डॉक्टर सुदर्शन कुमार, छात्र संघ अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट, पूर्व सचिव सचिन वर्मा, सुदीप सिंह, रुद्रपुर टीम के कप्तान नीरज मेहरा, खटीमा टीम के कप्तान काबयान सहित समस्त खिलाड़ी, आयोजक मंडल उपस्थित थे।

# समाज सेवा के लिए ललित बिष्ट को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और जिला पंचायत सदस्य त्रिनाथ विश्वास के शक्तिफार्म पहुंचने पर शक्तिगढ़ नगर पंचायत के अध्यक्ष सुमित मण्डल ने उनका स्वागत करते हुए सम्मानित किया। साथ ही इस अवसर पर रूद्रपुर में बीते कई वर्षों से श्मशान घाट पर लावारिस एवं गरीब जरूरतमंदों के अंतिम संस्कार में निस्वार्थ सेवायें देने के लिए समाजसेवी ललित बिष्ट को भी सम्मानित किया और उनकी नेक सेवाओं की सराहना की।



# सहकारी समितियां होंगी राज्य के विकास की रीढ़: धामी

## सीएम धामी ने पशुपालन एवं सब्जी उत्पादन में कार्यरत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 17 करोड़ से अधिक की सहायता बांटी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज एम0बी0 इंटर कॉलेज, हल्द्वानी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में भव्य सहकारिता मेले में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की स्वयं सहायता समूहों और सहकारी समितियों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पशुपालन एवं सब्जी उत्पादन में कार्यरत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मध्यकालीन दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता कल्याण योजना के तहत 16.97 करोड़ रुपये तथा एनआरएलएम स्वयं सहायता समूहों के अंतर्गत 75.50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय ने गर्मजोशी से मुख्यमंत्री का स्वागत किया।मेले के शुभारंभ पर संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष और राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित यह मेला प्रदेश में सहकारिता आधारित अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि 'सहकारिता से पर्यटन विकास' थीम पर आधारित इस सात दिवसीय मेले में प्रदेश की सहकारी समितियों, स्वयं सहायता समूहों और किसानों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को मंच मिलेगा। साथ ही ईको-आतिथ्य, ईको-पर्यटन, होमस्टे प्रबंधन, स्थानीय व्यंजन, कृषि एवं फल उत्पाद संवर्धन जैसे विषयों पर विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह मेला स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और सहकारिता की भावना को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारिता मानव समाज का प्राचीन सिद्धांत है, जो सामूहिक प्रगति, सहयोग और एकता को बढ़ावा देता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2025 को "अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष" घोषित किया जाना सहकारिता की वैश्विक महत्ता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश में सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एक अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया है, जो केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में अभूतपूर्व कार्य कर रहा है।मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखंड में सहकारिता को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। प्रदेश में सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण की शुरुआत पूरे देश में पहली बार उत्तराखंड से हुई और आज सभी 671 समितियाँ पूरी तरह डिजिटल प्रणाली से कार्यरत हैं। 24 समितियाँ जन औषधि केंद्रों के रूप में कार्य कर रही हैं तथा 640 समितियाँ कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में विकसित की गई हैं, जहां ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा, पेंशन, आधार तथा अन्य डिजिटल सेवाएँ उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश की 5511 समितियों में से 3838 समितियों का डेटा राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पर अपलोड किया जा चुका है, जिससे पारदर्शिता और दक्षता दोनों बढ़ी हैं।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने फरवरी 2023 से अब तक 800 नई PACS 248 नई डेयरी समितियाँ और 116 मत्स्य समितियाँ गठित की हैं। मिलेट मिशन के अंतर्गत किसानों से मंडुवा की खरीद दर भी बढ़ाई गई है, जो इस वर्ष 48.86 रुपये प्रति किलो निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि "दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना" के तहत किसानों व स्वयं सहायता समूहों को पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय, मत्स्य पालन एवं फ्लोरीकल्चर जैसे कार्यों हेतु 5 लाख रुपये तक का ब्याज-मुक्त ऋण, तथा सहकारी समितियों के माध्यम से 1 लाख रुपये का ब्याज-मुक्त फसली ऋण प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश के सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक की जमापूंजी होना जनता के भरोसे का प्रमाण है।कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की स्वयं सहायता समूहों की बहनें आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं और यह गर्व का विषय है कि प्रदेश की 1 लाख 68 हजार से अधिक महिलाएँ आज "लखपति दीदी" बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता और पर्यटन आधारित आजीविका की दिशा में मेले में की जा रही पहलें स्थानीय समुदायों को नए अवसर प्रदान करेंगी।अपने संबोधन में मुख्यमंत्री धामी ने हल्द्वानी क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी में योग एवं आयुष अस्पताल, अंबेडकर पार्क, ओपन जिम जैसे अनेक जनकल्याणकारी कार्य किए गए हैं। हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में राजकीय कैंसर संस्थान का निर्माण तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि 792 करोड़ रुपये की रिंग रोड, हल्द्वानीख्रलालकुआं बाईपास, नगर की सड़कों का सुधारीकरण, मल्टीस्टोरी पार्किंग निर्माण, वेस्ट मैनेजमेंट, लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट, पोलिनेटर पार्क और एस्ट्रो पार्क जैसे कार्य क्षेत्रीय विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। इसके अतिरिक्त हल्द्वानी से विभिन्न जिलों तथा मुंबई के लिए रेल एवं हेलीकॉप्टर सेवाओं की शुरुआत कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की सांस्कृतिक पहचान और डेमोग्राफी की सुरक्षा के प्रति सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रदेश में कठोर धर्मांतरण विरोधी एवं दंगा विरोधी कानून बनाए गए हैं। लैंड जिहाद, लव जिहाद जैसी अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 10 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि मुक्त कराई गई है, 250 अवैध मदरसों को सील किया गया है तथा मदरसा बोर्ड को समाप्त किया गया है। उन्होंने कहा कि "ऑपरेशन कालनेमि" के माध्यम से सनातन संस्कृति के विरुद्ध पाखंड फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है। राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू होने से पिछले साढ़े चार वर्षों में 26 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध "जीरो टॉलरेंस" की नीति अपनाते हुए 200 से अधिक भ्रष्टाचारी जेल भेजे गए हैं।मुख्यमंत्री ने अंत में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए किए गए आह्वान का समर्थन करते हुए कहा कि उत्तराखंड को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रदेशवासियों से स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग को जन आंदोलन का रूप देने का आग्रह किया।कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट, विधायक दीवान सिंह बिष्ट, राम सिंह कैड़ा, दर्जाधारी मंत्री सुरेश भट्ट, बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएँ एवं स्थानीय उत्पादक उपस्थित रहे।










# संविधान दिवस पर कांग्रेस ने मनाया 'संविधान बचाओ दिवस'

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।संविधान दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेसजनों ने "संविधान बचाओ दिवस" धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा अंबेडकर पार्क, दमुवाढूंगा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका नेतृत्व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद संविधान की मूल भावना न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता की रक्षा के लिए जनजागरण अभियान का शुभारंभ किया गया। गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि संविधान ने भारत को एक मजबूत लोकतांत्रिक पहचान दी है, और वर्तमान समय में इसकी मूल भावना की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की सुरक्षा के लिए देशभर में जनआंदोलन खड़ा कर रही है, ताकि नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति अधिक जागरूक हो सकें। उन्होंने कहा कि आज देश में संविधान की आत्मा अभूतपूर्व चुनौतियों से गुजर रही है। चुनावी प्रक्रिया में "वोट चोरी", लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग और संदिग्ध "एसआईआर" आधारित गतिविधियों के माध्यम से संविधान पर लगातार हमले हो रहे हैं। ऐसे प्रयास न केवल संवैधानिक नैतिकता पर सवाल खड़े करते हैं, बल्कि लोकतांत्रिक ढांचे को भी गंभीर रूप से कमजोर कर रहे हैं। कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया, जिससे नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों को लेकर जागरूकता बढ़े। महानगर अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों, प्रकोष्ठों, ब्लॉक व बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे आगामी जनजागरूकता कार्यक्रमों में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करें, जिससे यह अभियान और अधिक प्रभावी तथा व्यापक रूप ले सके। अंत में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संविधान की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में हरीश लाल वैध,पार्षद मुकुल बलुटिया, जगदीश भारती, महेशानंद, लक्ष्मीकांत, विनोद कुमार पिन्नू, लाल सिंह पवार, रंजीत डसीला, प्रदीप बिष्ट, चंदन भाकुनी, संजय जोशी, बृजेश कुमार, शोभित आर्य, रमेश लाल, योगेंद्र पाठक, मोहित दुर्गापाल, सुनील कुमार, बंटू, रहमान, कुंदन बिष्ट, मनोहर सांगूड़ी, सौरव अरोरा, तरुण कुमार, निपुण देवरिया, मयंक कुमार, हरप्रीत सिंह, अजय जोशी, दीवान सिंह मेहरा, तुषार, राजेंद्र बिष्ट, देबु भाई, नवल पांडे, मोहित, मनाली, मयंक पंत सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



# तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

रुद्रपुर। कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने तमंचे के साथ एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गश्त के दौरान मॉडल कॉलोनी तिराहे पर राजेश विश्वास निवासी मुडिया कॉलोनी, दिनेशपुर अकेले चलते हुए देखा गया। पुलिसकर्मियों को देखकर आरोपी घबरा गया, जिससे पुलिस को उस पर शक हुआ। आरोपी की तलाशी लेने पर उसकी जिन्स की दाहिनी जेब से एक अदद 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह तमंचा शौक के लिए अपने पास रखता है और रात के समय अकेले व्यक्ति को डराकर पैसे मांगता था। उसने बताया कि यह पैसा वह नशा खरीदने में खर्च करता था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में चालान किया है।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर



चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# एयरपोर्ट निर्माण के कार्यों मे लायें तेजी: भट्ट

## सांसद भट्ट ने ली भारतीय विमानपत्तन हवाई अड्डा सलाहकार समिति की बैठक



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सांसद एवं अध्यक्ष भारतीय विमानपत्तन हवाई अड्डा सलाहकार समिति पंतनगर अजय भट्ट की अध्यक्षता में भारतीय विमानपत्तन हवाई अड्डा सलाहकार समिति की बैठक जिला सभागार में आयोजित हुई। सांसद श्री भट्ट ने कहा कि पंतनगर हवाई अड्डा अन्तराष्ट्रीय मानकों के अनुसार बनाया जा रहा है। जिसे 380 करोड़ की लागत से पंतनगर हवाई अड्डा विस्तारीकरण कार्य किये जा रहे है। उन्होने सभी सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्यो को त्वरित गति से करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा पंतनगर एयरपोर्ट रिजनल कनेक्टवीटी स्कीम उड़ान योजना के अन्तर्गत भारत सरकार, उत्तराखण्ड सरकार व विमानपत्तनन प्राधिकरण द्वारा संचालित है। इसलिए यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये व एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण से प्रदेश व क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही में अत्यधिक बढ़ोतरी होगी जिससे क्षेत्र व प्रदेश की आर्थिकी भी मजबूत होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने बताया कि पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु 524.70 एकड़ भूमि एयरपोर्ट प्राधिकरण के नाम आवंटित कर दी गयी है साथ ही टीडीसी, पंतनगर विश्वविद्यालय, सैनिक फर्म आदि की जो भी भूमि एयरपोर्ट को आंवटित की गयी है उसमे भवनों का ध्वस्तीकरण व पेड़ों का कटान कार्य किया जा रहा है। उन्होने बताया कि समय-समय पर एयरपोर्ट प्राधिकरण, जिला प्रशासन व वन विभाग की आपसी समन्वय से एयपोर्ट के भीतर जानवरों को भगाने, झाड़ी व पेड़ कटान किये जा रहे है तथा प्रतिबन्धित प्रजाति के पेड़ों को चिन्हित कर लिया गया है जिनका शीघ्र कटान किया जायेगा। निदेशक पंतनगर हवाई अड्डा पवन कुमार ने बताया कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण कार्यो में बाउंड्री निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। अन्तराष्ट्रीय मानकों के अनुसार 03 हजार मीटर का रनवें बनाया जा रहा है तथा नया टर्मिनल के साथ ही हैंगर, आइएलएस सुविधा, कार्गो बनाया जायेगा। उन्होने बताया कि वर्तमान एयरपोर्ट में भी यात्रियों की सुविधा देने हेतु एटीम, कार पार्किंग, टैक्सी रिटेल काउंटर, वाईफाई सुविधा कार्य किये जायेगें साथ ही यात्रियों के लिए हैल्पडैक्स व प्राथमिक चिकित्सा व एम्बुलेंस सुविध ा भी रखी गयी है। उन्होने बताया कि वर्तमान में एयरपोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था हेतु 75 पदों के सापेक्ष 20 ही कार्मिक तैनात है। उन्होने रिक्त सुरक्षा कार्मिकों व क्यूआरटी टीम की तैनाती कराने का अनुरोध किया। जिसपर सांसद श्री भट्ट ने डीजीपी को सुरक्षा कार्मिकों की तैनाती करने हेतु पत्र लिखने व स्वयं भी बात करने का आश्वासन दिया। पीडी एनएचएआई ने बताया कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण की जद में आ रहे राष्ट्रीय राजमार्ग को शिफ्ट करने कार्य का सर्वे कर लिया गया है, टेण्डर कर लिये गये है शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।उप जिलाधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट के अन्दर वर्षाकाल में नदी, नालों से होने वाले जल भराव से निजात दिलाने हेतु सिंचाई विभाग के साथ नदी, नालों का निरीक्षण व चिन्हिकरण कर लिया गया है। शीघ्र ही नालों की सफाई व ड्रेनेज कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, डीजीएम एयरपोर्ट अनूप गुप्ता, पीएस बृजवाल, सदस्य हेमन्त कुमार नरूला, शुभम टंडन, लोकेश जोशी, नरेश चन्द्र, विमल लोसाली, सांसद कपिल शर्मा, योगेश वर्मा, पीडी एनएचएआई मेहुल जिंदल, प्रबंधक मीनू आदि मौजूद थे।

# पुलिस ने ली राष्ट्र सेवा और संवैधानिक निष्ठा की शपथ





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर 2025 को पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर सुश्री नीहारिका तोमर ने पुलिस कार्यालय एवं पुलिस लाइन रुद्रपुर में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सम्प्रभुता की रक्षा हेतु संविधान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हरे-भरे पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। संविधान दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में चंदन हॉस्पिटल हल्द्वानी के सहयोग से पुलिस लाइन रुद्रपुर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस कर्मियों ने जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया। जिले के सभी कार्यालयों, थानों, चौकियों और अग्निशमन इकाइयों में भी सम्बन्धित अधिकारियों, थानाध्यक्षों व चौकी प्रभारियों द्वारा अधीनस्थ कार्मिकों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई। ऊधमसिंहनगर पुलिस ने संविधान दिवस को राष्ट्र सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रतीक कार्य क्रमों के साथ गरिमापूर्ण तरीके से मनाया।

# मुम्बई आतंकी हमले के शहीद जवानों के दी श्रद्धांजलि



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एकता जनसेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल व राष्ट्रीय मानवाधिकार के तत्वाधान में मटर गली स्थित डीके पार्क में 26 नवम्बर 2008 को हुये मुंबई में आतंकवादी हमलों में सभी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर ने बताया कि विगत 17 साल पहले 2008 में हुए मुंबई में आतंकवादी हमलों में 166 मासूम लोगों की मौत हो गई थी। जिसमें 300 से ज्यादा घायल हो गए थे। यह आतंकी हमला 26 नवंबर से शुरू होकर 29 नवंबर 2008 तक लगातार चलता रहा आतंकियों द्वारा छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, ओबेरॉय ट्राइडेंट, ताज पैलेस एंड पावर, लियोपोल्ड कैफे, कामा अस्पताल, नरीमन हाउस यहूदी समुदाय केंद्र, मेट्रो सिनेमा और टाईम्स ऑफ इंडिया बिल्डिंग समेत अन्य जगह पर आतंकवादी हमलें किये गये। शिवम ठाकुर ने बताया कि यह हमह सभी के लिए काला दिवस के रूप में साबित हुआ है। वहीं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण, शशि गुप्ता, नबी अहमद, जमील कुरैशी, प्रकाश आर्य, अमित आर्य, रोहित दिवाकर, संदीप कुमार, लक्ष्मी देवी, दीपा खत्री समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# जमीनी विवाद में अधिवक्ता पर तलवारों से किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम बिंदुखेड़ा में बुधवार को जमीनी विवाद में दो पक्षों के मध्य कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। जिसके बाद पथराव के साथ तलवारों से हमला किया गया। इस घटना में एक अधिवक्ता को गंभीर चोटें आ गई जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय जाया गया। बताया जाता है कि बिंदुखेड़ा निवासी अधिवक्ता जसमेर सिंह ने अपने खेत में गेहूं की बुआई की है। वह अपने साथ परविन्दर सिंह को लेकर बुधवार को खेत पर गये थे। जहां जमीनी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने उन पर तलवारों से हमला कर दिया। साथ ही आसपास के लोगों ने अपने घर की छत से पथराव शुरू कर दिया। जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। किसी तरह दोनों ने भागकर अपनी जान बचाई। इस घटना में जसमेर सिंह तलवार व पथराव के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां उनके सिर पर कई टांके लगे है। वहीं परविन्दर को भी चोटें आई है। इधर सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों पक्षों के लोगों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली 'एकता पदयात्रा'



रुद्रपुर( उद संवाददाता)। लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर रुद्रपुर ट्रांजिट कैम्प में फुटबाल मैदान से विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकता पदयात्रा का आयोजन हुआ, जिसमे बड़ी संख्या ने लोगो ने प्रतिभाग किया ओर हाथों में तिरंगा लहराते हुऐ पैदल ट्रांजिट कैम्प बाजार होते हुऐ सरदार बल्लभभाई पटेल के नारे लगाते पैदल यात्रा के माध्यम से निकले तो वही यात्रा का समापन झील पर हुआ। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा देश के प्रथम गृहमंत्री देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जन्म जयंती पर के अवसर पर एकता पदयात्रा का आयोजन हुआ जिसमे सैकड़ो की संख्या में नौजवान महिला सड़को पर पैदल तिरंगा हाथ में लिए कैम्प क्षेत्र से निकले। विधायक बोले राष्ट्र नेतृत्व में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया जो पूरे देश में इसी प्रकार निकाली जा रही है सरदार वल्लभभाई पटेल का देश के प्रति अतुल्य योगदान व उनकी राष्ट्र सेवा जो करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणा का कार्य करती है, उनकी देश सेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता आज हम जिस भारत मैं आजादी की सांस ले रहे हैं उसे भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल भी एकता यात्रा में शामिल हुऐ जिन्होंने बताया पूरे जिले में इसी प्रकार एकता पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आज रुद्रपुर क्षेत्र में भी भाजपा द्वारा एकता यात्रा का आयोजन किया जिसमे बढ़ चढ़ के लोगो ने हिस्सा लिया। इस दौरान भाजपा जिला जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व जिला महामंत्री भारतभूषण चुघ, प्रति ग्रोवर राजकुमार साह, भाजपा जिला महामंत्री तरुण दत्ता, वेद ठुकराल, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, मुकेश पाल, पार्षद पवन राणा, एमपी मौर्य, राजेंद्र राठौर, मुकेश रस्तोगी, निमित्त शर्मा, शिव कुमार गंगवार, जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, रोशन अरोरा, अनमोल विर्क, डी के गंगवार, विजय तोमर, बिट्टू चौहान, प्रदीप राठौर, रामाधारी गंगवार, सतनाम सिंह, महेंद्र आर्य, शंकर विश्वास, विजय डे, जीतेन्द्र संधू, सुनील यादव, मनोज मदान, विकास सागर, डंपी चोपड़ा, गीता शर्मा, आशा मुंजाल, चंद्रपाल, राधेश शर्मा, मयंक कक्कड़, नरेश प्रजापति, गुन्नू चौधरी, रश्मि रस्तोगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गाबा के आहवान पर नशे के खिलाफ लोगों ने कमर कसी



रूद्रपुर(उद संवाददाता)।'नशे को न, जीवन को हां की थीम के साथ सूखे नशे व कच्ची शराब के खिलाफ पूरे रूद्रपुर में मुहिम के रूप में चल रहा जनजागरूकता अभियान 'रुद्रपुर अंगेस्ट ड्रग्स' के तहत आज वार्ड 33 के शांति विहार कालोनी शिव मंदिर प्रांगण में हुयी बैठक में 'रुद्रपुर अंगेस्ट ड्रग्स' के अध्यक्ष सुशील गाबा नें वार्डवासियों से सूखे नशे आदि की समस्या के बारे में जानकारी लेकर इसका सामना करनें के लिये एकजुट होनें का आह्वाहन किया। पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्षा नेहा सामंत द्वारा आयोजित तथा वरिष्ठ समाजसेवी विक्रम रावत के संचालन व वरिष्ठ समाजसेवी कल्याण सिंह परिहार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विक्रम रावत नें बताया कि कि शांति विहार क्षेत्र में फिलहाल ड्रग्स की पकड़ में गिने चुने लोग ही ग्रसित हैं, लेकिन अब विगत कुछ समय से शिव मंदिर के समीप स्थित रेलवे पटरी के समीप सूखे नशे की लत से ग्रसित युवाओं की खासी सक्रियता देखी जा रही है, जो कि स्वयं नशा करनें के साथ ही संभवत: इसका व्यापार भी कर रहें है। इन हुड़दंगियों को मना करनें पर यह लोग लड़नें के साथ ही सीध े पत्थरबाजी पर उतर आते है। बैठक में मौजूद वरिष्ठ समाजसेवी कल्याण सिंह परिहार में कहा कि रेलवे पटरी के समीप झाडियां व झुरमुट आदि के जंजाल के कारण इन हुड़दंगियों को नशे की लत पूरी करनें के साथ ही ताश व जुआ आदि के कुव्यसन पूरे करनें के लिये भी उपयुक्त माहौल मिल रहा है। अब यह नशे आदि का मकड़जाल शांति विहार कालोनी में भी दस्तक दे रहा है। अपने संबोधन में 'रूद्रपुर अगेंस्ट ड्रग्स' की कमान संभाल रहे समाजसेवी सुशील गाबा नें कहा कि इस परेशानी से निपटनें का एकमात्र उपाय एकजुटता व जनजागृति है। हमें अपनें अपनें क्षेत्र की कमेटी बनाकर इन हुड़दंगियों के सामनें चट्टान की तरह खड़ा होना होगा। यह लोग केवल डर का माहौल बनाकर अपना रौब चलाते हैं। यदि हम एकजुट हो गये तो यह लोग तुरंत अपना बोरिया बिस्तर समेट लेंगें, क्योंकि कोई भी अंधकार उजाले के सामनें नहीं टिक पाता। यदि हम एक कमेटी बनाकर अच्छाई के रास्ते पर चलेंगें तो बुराई स्वयं ही गायब हो जायेगी।रूद्रपुर अगेंस्ट ड्रग्स के संयोजक जगदीश तनेजा नें कहा कि हम नशे के खिलाफ इस जंग के खिलाफ एकजुट हैं। यदि हमनें नशे पर काबू कर लिया तो यकीन मानिये, हम बेहतर रूद्रपुर बना सकेंगे, जिसमें अपराध भी बहुत कम होंगे, सड़क दुर्घटनायें भी नाममात्र की होंगी।इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोनू निषाद, हैप्पी रंधावा, समाजसेवी राकेश चन्द्र नैनवाल, बिशम्भर दत्त, विजय पुजारा, भोपाल सिंह भण्डारी, गिरीश चन्द्र पाण्डेय, चन्द्रशेखर काण्डपाल, राम दत्त बबाड़ी, अम्बा दत्त जोशी, मदन राम आर्य, नरेन्द्र नेगी, चन्दन सिंह बिष्ट, जगत सिंह, प्रेम सिंह नेगी, अनूप, कपिल फुटेला, ज्योति, ज्ञानेन्द्र, शम्भू, राम सिंह गोला, अमित शर्मा, बीना, सरोज भट्ट, आन्नद सिंह नयाल, तीरथ पाल, दया कपकोटी, शोभा खेतवाल, अन्जना, निखिल, भानू जोशी, ध्रुव सिंह समेत बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं युवा शक्ति उपस्थित रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# सोने का भाव और महंगाई

सोना भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए हमेशा से एक महत्वपूर्ण धरोहर रहा है। भारतीय संस्कृति में सोने का स्थान केवल आभूषणों तक सीमित नहीं, बल्कि यह सुरक्षा, प्रतिष्ठा और निवेश का भी प्रतीक माना जाता है। परंतु पिछले कुछ वर्षों में इसकी कीमतों में जो तीव्र उछाल देखने को मिल रहा है, उसने आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में हालिया उछाल जहाँ सोना बारह सौ रुपये की छलांग लगाकर एक लाख तीस हजार रुपये प्रति दस ग्राम के पार पहुंच गयाख्नने इस बढ़ती महंगाई को और स्पष्ट कर दिया है। सवाल है कि सोना इतना महंगा क्यों होता जा रहा है और इसका व्यापक आर्थिक असर क्या हो सकता है? सबसे बड़ा कारण है बड़ी मात्रा में सोने की खरीदारी जिसमें संस्थागत निवेशक, बड़े आभूषण कारोबारी, खुदरा विक्रेता और संपन्न वर्ग शामिल हैं। इनकी भारी खरीदी से बाजार में मांग तीव्रता से बढ़ती है, जबकि आपूर्ति सीमित रहती है। मांग और आपूर्ति के इसी असंतुलन से सोना महँगा होता चला जाता है। शेयर बाजार के उतार–चढ़ाव से अस्थिर माहौल पैदा होता है। निवेशक जोखिम से बचने के लिए सुरक्षित विकल्प तलाशते हैं और सोना पारंपरिक रूप से 'सेफ हेवन' माना जाता है। इसलिए शेयर बाजार की अनिश्चितता सोने की खरीद बढ़ा देती है। जब बैंकों में जमा पर मिलने वाला ब्याज लगातार कम होने लगता है, तब निवेशकों को उम्मीद रहती है कि सोना बेहतर रिटर्न देगा। नतीजे में बैंकिंग सेक्टर से धन सोने की ओर जाने लगता है। दुनिया भर में जब राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध, आर्थिक मंदी या व्यापारिक तनाव बढ़ते हैं, तो सोने की कीमतें स्वाभाविक रूप से चढ़ती हैं। हाल के वर्षों में ऐसे कई कारण दिखाई दिए, जिनका असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा है। कई देशों के केंद्रीय बैंक डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए सोना जमा कर रहे हैं। इससे वैश्विक मांग और बढ़ती है, जिसके चलते कीमतें और ऊँची हो जाती हैं। डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर होता है, तो आयातित वस्तुएँख्नजिनमें सोना भी शामिल है स्वाभाविक रूप से महंगी हो जाती हैं। भारत सोने का एक बड़ा आयातक है, इसलिए रुपया कमजोर पड़ते ही कीमतें तेजी से बढ़ती हैं। आज यह धारणा और मजबूत हुई है कि सोना न तो जल्दी अपनी कीमत खोता है और न ही किसी सरकारी फैसले या निजी कंपनी की नीति से सीधे प्रभावित होता है। इसलिए लोग इसे जोखिम–रहित निवेश मानते हुए खूब खरीद रहे हैं। इतिहास बताता है कि जब भी सोना महंगा होता है, उसका प्रभाव महंगाई पर भी पड़ता है।महंगे सोने से आभूषण उद्योग प्रभावित होता है, उत्पादन लागत बढ़ती है, और उपभोक्ता खर्च प्रभावित होता है।

# शौर्य और बलिदान के लिए भारत का हर नागरिक गोरखा सैनिकों का आभारी: सीएम

## ऑल इंडिया गोरखा एक्स–सर्विसमेन्स वेलफेयर एसोसिएशन की 75वीं वर्षगांठ कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को ऑल इंडिया गोरखा एक्स–सर्विसमेन्स वेलफेयर एसोसिएशन की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। स्व0 हरबंश कपूर मैमोरियल सभागार, गढ़ी कैंट में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बैरिस्टर अरि बहादुर गुरूंग की प्रतिमा का अनावरण करने के साथ ही एसोसिएशन की स्मारिका का भी विमोचन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बैरिस्टर अरि बहादुर गुरूंग ना सिर्फ एक सांसद थे, बल्कि उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सिर्फ एक संगठन का उत्सव नहीं है, बल्कि ये उस अदम्य साहस, समर्पण, राष्ट्रभक्ति और गौरवशाली परम्परा का उत्सव भी है, जिसे गोरखा सैनिकों ने सदियों से अपने पराक्रम से संजोया है। उन्होंने कहा कि गोरखा सैनिकों के पराक्रम और बलिदान की पहचान इस बात से होती है कि दुनिया की कोई भी युद्ध गाथा गोरखाओं के बिना पूर्ण नहीं मानी जाती। इसलिए भारत सरकार द्वारा ऑल इंडिया गोरखा एक्स–सर्विसमेन्स वेलफेयर एसोसिएशन को ऑल इंडिया स्टेटस प्रदान किया जाना इस समुदाय की प्रतिष्ठा और योगदान का सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में एसोसिएशन ने ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण के साथ अपनी भूमिका निभाई है। आज विभिन्न राज्यों में बसे लाखों गोरखा भूतपूर्व सैनिक, वीर नारी




एवं उनके आश्रित इस संस्था के माध्यम से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले अनेक वर्षों में एग्वा द्वारा पूरे भारत में नि:शुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनमें गोरखा समुदाय के साथ–साथ अन्य समुदायों के युवाओं को भी शामिल किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखाओं के अदम्य साहस और वीरता की गाथाएँ इतिहास के पन्नों में अंकित हैं, कहा जाता है कि ''जिस मैदान में गोरखा टिक गए, वहां दुश्मन कभी टिक नहीं पाया है''। गोरखा जवानों के लिए खुंखरी सिर्फ एक हथियार नहीं, बल्कि मातृभूमि की रक्षा का संकल्प भी है। गोरखा सैनिकों ने सदियों से देश की सीमाओं की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इस शौर्य, बलिदान और राष्ट्र सेवा के लिए भारत का हर एक नागरिक आपका आभारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर वीर मेजर दुर्गा मल्ल के अद्वितीय शौर्य को भुला पाना असंभव है। इसी तरह परमवीर चक्र से सम्मानित धन सिंह थापा और आजाद भारत के प्रथम अशोक चक्र विजेता नर बहादुर थापा जैसे अनगिनत वीरों ने भारत माता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हम सबके लिए गर्व की बात है कि आज गोरखा समाज न केवल हमारी सीमाओं की रक्षा में बल्कि हमारे राज्य के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। गोरखा समाज की मेहनत, अनुशासन और निष्ठा प्रत्येक क्षेत्र में स्पष्ट रूप से झलकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी गोरखा समाज की वीरता और अमूल्य योगदान को हमेशा आदर और सम्मान की दृष्टि से देखती है। इस मौके पर सैनिक कल्याण मंत्री श्री गणेश जोशी ने कहा कि गोरखा रेजिमेंट के जवानों ने हर युद्ध में, हर मोर्चे पर अपनी अदम्य बहादुरी और वीरता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि गोरखा समाज न केवल देश की सीमाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, बल्कि राज्य के सर्वांगीण विकास में भी अपना अहम योगदान दे रहा है। इस मौके पर विधायक श्रीमती सविता कपूर, सचिव केंद्रीय सैनिक कल्याण बोर्ड बिग्रेडियर डीएस बसेड़ा, ऑल इंडिया गोरखा एक्स–सर्विसमेन्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कर्नल आरएस क्षेत्री, गोर्खाली सुधार सभा के अध्यक्ष पद्म सिंह थापा, ले.ज (रिटायर्ड) एके सिंह, ले.ज. (रिटायर्ड) रामसिंह प्रधान, मे.ज. (रिटायर्ड) सम्मी सब्बरवाल, मेजर (रिटायर्ड) बीएस थापा शामिल हुए।

# राज्यपाल ने उत्तराखण्ड ए.आई. मिशन–2025 की पॉलिसी लॉन्च की

## टेक इंडस्ट्री से जुड़े हुए फाइव बेस्ट स्टार्टअप और तकनीकी संस्थानों के सॉल्यूशन बेस्ट मॉडल को किया गया पुरस्कृत

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा राजभवन में उत्तराखण्ड एआई मिशन–2025 की पॉलिसी लॉन्च की गई। राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी में तकनीक मुख्य भूमिका में है। कोई भी क्षेत्र आज तकनीक से अछूता नहीं है। बिना तकनीक के समावेशी और सतत विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती।इसी को दृष्टिगत रखते हुए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार तथा उत्तराखण्ड सरकार द्वारा भी भविष्य की इमर्जिंग तकनीक को आत्मसात करने का बीड़ा उठाया गया है। आज उत्तराखण्ड ए आई मिशन–2025 को लॉन्च करके उत्तराखण्ड भी आधुनिक तकनीक को अपनाकर लोगों की आशा, आकांक्षा और सपनों को साकार करना चाहता है। यह तकनीक दैनिक जीवन की विभिन्न समस्याओं का सैटेलाइट और डाटा का उपयोग करते हुए रियल टाइम आधारित समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करती है। राज्यपाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने उत्तराखण्ड के संदर्भ में जो बात कही थी कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का होगा, उनके इस विजन को यह आधुनिक ए आई पॉलिसी साकार करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान तकनीक से जुड़ी कुछ चुनौतियां भी हैं जैसे डिजिटल डिवाइडेड तथा स्वास्थ्य और नैतिकता से संबंधित जुड़े हुए मुद्दे। इसी कारण उत्तराखण्ड को नैतिक उत्तरदायी और मानवीय ए आई क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए ताकि एआई का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। समाज का वंचित तबका और दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीण सभी तक समान रूप से इन आधुनिक तकनीक का लाभ पहुंचना चाहिए।राज्यपाल ने स्टार्टअप इंडस्ट्री और ऐसे तकनीकी संस्थान जो तकनीक के क्षेत्र में लगातार शोध और अनुसंधान कर रहे हैं और स्टार्टअप के माध्यम से अलग–अलग समस्याओं के प्रभावी समाधान खोज रहे हैं उनसे आह्वान किया कि 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्ति में उनकी भी महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है।राज्यपाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा ए आई तकनीक पर आधारित इकोसिस्टम के विकास में अत्यधिक ध्यान दिया जा रहा है। उनके द्वारा विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एआई और डाटा के नैतिक उपयोग तथा इसका समावेशी उपयोग सुनिश्चित करने की लगातार पहल की जा रही है। इस दौरान सचिव सूचना प्रौद्योगिकी नितेश झा द्वारा उत्तराखण्ड ए आई मिशन–2025 का प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने कहा कि इस पॉलिसी में भारत सरकार की एआई पॉलिसी का भी अनुसरण किया गया है साथ ही पहाड़ की टोपोलॉजी के अनुसार पॉलिसी बनाई गई है ताकि उत्तराखण्ड की विशेष भौगोलिक परिस्थिति के अनुरूप पॉलिसी फिट हो। उन्होंने ए आई मिशन के उद्देश्यों, रणनीति, प्राथमिक सेक्टर, उसके रोडमैप, क्षमता निर्माण और क्रियान्वयन से जुड़े हुए विभिन्न बिंदुओं को सामने रखा।कार्यक्रम में टोनी ब्लेयर इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल चेंज द्वारा ग्लोबल डेवलपमेंट्स इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड देयर इंपैक्ट ऑन उत्तराखण्ड विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया गया।इसके अतिरिक्त पैनल डिस्कशन में ए आई इन हेल्थ केयर–ट्रांसफॉर्मिंग हेल्थ डिलीवरी इन उत्तराखण्ड तथा बिल्डिंग ए हॉलिस्टिक एआई इकोसिस्टम इन उत्तराखण्ड विषय पर भी संबंधित स्टार्टअप टीम द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसके अतिरिक्त 5 बेस्ट स्टार्टअप और 5 बेस्ट तकनीकी संस्थानों के विभिन्न क्षेत्रों में समस्याओं का तकनीक आधारित समाधान से संबंधित इनोवेटिव प्रयासों का प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। जिसकी उपस्थित जन समुदाय द्वारा प्रशंसा की गई।राज्यपाल द्वारा विभिन्न इंडस्ट्री के 5 स्टार्टअप और तकनीकी संस्थानों के बेस्ट शोध एवं अनुसंधान मॉडल की सराहना करते हुए उनको पुरस्कृत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव रीना जोशी व आलोक कुमार पांडेय, महानिदेशक युकास्ट डॉ. दुर्गेश पंत, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी, टेक इंडस्ट्री और तकनीकी संस्थानों से जुड़े मेंटर और स्टूडेंट उपस्थित थे।






# जिला बार भवन में 'भारत का संविधान' विषय पर गोष्ठी आयोजित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर 2025 को जिला बार भवन में अधिवक्ता परिषद उधम सिंह नगर इकाई द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का विषय 'भारत का संविधान' रखा गया था, जिसमें विधि जगत से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ताओं और शिक्षाविदों ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। गोष्ठी में यूनिटी लॉ कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री कुंदन सिंह राठौड़ ने संविधान में समय–समय पर हुए प्रमुख संशोधनों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि ये संशोधन भारतीय लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुए हैं और समय की आवश्यकता के अनुरूप संविधान को सशक्त करते रहे हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता बरीत सिंह ने अधिवक्ता परिषद की संविधान के प्रति निष्ठा तथा समाज के प्रति अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अधिवक्ता न केवल न्याय व्यवस्था के स्तंभ हैं बल्कि समाजिक मूल्यों और संवैधानिक आदर्शों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने समाज के बीच परिषद द्वारा किए जा रहे जनहित कार्यों का भी उल्लेख किया। अधिवक्ता परिषद की




वरिष्ठ कार्यकर्ता श्रीमती सुभाषनी द्विवेदी ने संविधान में निहित सामाजिक दायित्वों और नागरिक कर्तव्यों पर अपने विचार रखे। वहीं अधिवक्ता विजय प्रजापति ने संविधान की मूल प्रस्तावना, उसकी संरचना, तथा उसके आधारभूत सिद्धांतों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की, जिससे उपस्थित जनों को संविधान की व्यापकता और उसकी मूल भावना के बारे में और अधिक समझ विकसित करने में मदद मिली। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता परिषद के जिला महामंत्री दुर्गेश मोहन शर्मा ने किया, जबकि कार्यक्रम के अध्यक्ष डीडी गुणवंत द्वारा समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर जिला बार उधम सिंह नगर के अध्यक्ष संजीव फोगाट, सचिव जसविंदर सिंह, बार के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर पांडे, वरिष्ठ अधिवक्ता पियूष पंत सहित अनेक वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का क्रमिक अनशन जारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चल रहा क्रमिक अनशन और धरना प्रदर्शन गुरूवार को भी जारी रहा। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी धरना स्थल पर सुनकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की समस्याएं सुनी और उनके आंदोलन को अपना समर्थन दिया। बता दें छह सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तराखण्ड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के बैनरतले पिछले 14 नवंबर से कायकर्तयां क्रमिक अशन और धरना प्रदर्शन कर रही है। गुरूवार को भी कार्यकत्रियों ने अपना आंदोलन जारी रखते हुए सरकार से मांगों को पूरा करने की पुरजोर मांग की। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने भी आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इस दौरान आंदोलनकारी महिलाओं ने बताया कि लम्बे समय से सरकार और विभाग उनकी मांगों और समस्याओं की अनदेखी कर रहा है। मार्च 2024 में कार्यकत्रियों को सरकार द्वारा आश्वासन दिया गया कि माननेय वृद्धि के लिए कमेटी का गठन जायेगा। लेकिन यह कमेटी केवल कागजों तक ही सीमित रही। कार्यकत्रियों ने राज्य कर्मचारी घोषित किये जाने, सुपरवाईजर के रिक्त पदों पर कार्यकत्रियों को प्रमोशन दिये जाने, सेवानिवृथ्त्त पर परेशंन की सुविधा देने, और सेवानिवृत्ति पर कम से कम पांच लाख रूपये दिये जाने, सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार ग्रेच्युटी का लाभ दिये जाने, फेस कैप्चर प्रणाली को बंद किये जाने आदि की पुरजोर वकालत की। ठुकराल ने मांगों को जायज बताते हुए अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि कार्यत्रियों की आवाज सरकार ने नहीं सुनी तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जायेगा। इस दौरान संगठन की प्रदेश अध्यक्ष सुशीला खत्री, अनीता सिंह, हंसा लोहनी, रूचिका घई, माधुरी शर्मा, रचना खुराना, सुरेखा चौहान, अनीता कटारिया, तारा भट्ट, अमृत कौर, अनीता राजकुमारी, शीतल, पूनम यादव, कमला, सारिका, मीरा, शोभा, मीना, भावना, सोमा, गीता रानी, मीरा गुप्ता, प्रियंका, भावना सक्सेना आदि शामिल रहे।



# छात्राओं को महिला स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण चेतना के लिए किया जागरूक

किच्छा(उद संवाददाता)।राजकीय महाविद्यालय किच्छा में छात्राओं को शारीरिक स्वच्छता तथा स्वास्थ्य के प्रति महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉक्टर मनीषा पांडेय द्वारा जागरूक किया गया. छात्राओं को प्राचार्य डा. राजीव रतन के प्रयासों से लगाई गई सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन के उपयोग की जानकारी दी गई तथा उपयोग की गई पेड के पर्यावरण पर दुष्प्रभावों के प्रति भी बताया गया. डॉक्टर मनीषा ने बताया कि पेड से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए उनका पर्यावरण अनुकूल निस्तारण किया जाना चाहिए, जिसके लिए उन्होंने महाविद्यालय में लगाई गई सेनेटरी पैड डिस्पोजिंग मशीन के उपयोग की प्रक्रिया को विस्तार से छात्राओं को समझाया. प्राचार्य डा राजीव रतन और सभी अन्य प्राध्यापकों द्वारा महाविद्यालय की इस पहल को पर्यावरण संरक्षण तथा महिला सशक्तिकरण में छात्रों की भागीदारी के रूप में सराहा गया।



# टीआई के प्रयासों से लावारिस बाइक की हुई शिनाख्त

काशीपुर(उद संवाददाता)।चीमा चौराहे के समीप स्पेक्ट्रम मॉल के पीछे मोहल्ला शिव नगर में पिछले 48 घंटों के करीब से खड़ी एक लावारिस मोटरसाइकिल की ट्रैफिक इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने अपने प्रयासों से शिनाख्त किया। इसके बाद मोहल्ले वालों ने राहत की सांस ली। जानकारी के मुताबिक कटोराताल पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत चीमा चौराहे के समीप स्पेक्ट्रम मॉल के पीछे स्थित गली में एज दी मोटरसाइकिल संख्या यूके04 एएन/8967 पिछले दो दिनों से लावारिस खड़ी थी। स्थानीय लोगों ने इस मोटरसाइकिल के बारे में आसपास जानकारी लेने का प्रयास किया।मोहल्ले वासियों द्वारा इसकी सूचना बुधवार को 112 पर दी गई। इसके बाद भी जब पुलिस मौके पर नहीं पहुंची तो गुरुवार को इसकी जानकारी फोन द्वारा क्षेत्राधिकारी पुलिस दीपक कुमार एवं यातायात निरीक्षक नीरज कुमार को दिया गया। सीओ सूचना पर तत्काल एक्टिव हुए। उन्होंने कोतवाल हरेंदर चौधरी को मामले का संज्ञान लेने का निर्देश दिया। उधर दूसरी ट्रैफिक इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने मोटरसाइकिल के नंबर के सहारे जानकारी जुटाना शुरू किया तो कुछ ही देर में मामले का पटाक्षेप हो गया। पिछले 48 घंटे के करीब से लावारिस हालत में खड़ी मोटरसाइकिल हल्द्वानी निवासी सौरभ तिवारी की निकली।



# स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर नदीम उद्दीन ने नगर आयुक्त को दिये लिखित सुझाव

काशीपुर(उद संवाददाता)। वर्तमान में काशीपुर नगर निगम क्षेत्र की सफाई प्रणाली ऐसी है जिससे स्वच्छता पर प्रतिकूल प्रभाव तो पड़ ही रहा है, साथ ही जागरूकता कार्यक्रमों का भी कोई लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। केवल इतना ही नहीं निगम की कार्यप्रणाली के विभिन्न कार्य म्युनिसपल सोलिड वेस्ट (मैनेजमेन्ट एण्ड हैडलिंग) रूल्स 2016 का खुला उल्लंघन होने के कारण पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराधों की श्रेणी में आते हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न कार्य उत्तराखंड कूड़ा फेंकना एवं थूकना प्रतिषेध अधिनियम 2016 के अन्तर्गत पांच हजार रूपये तक के जुर्माने तथा छः माह तक की सजा से दंडनीय अपराधों की श्रेणी में आते हैं। साथ ही पर्यावरण मित्रों को सिर व कूल्हें में रखकर कूड़ा ढोने को बाध्य करके उ0प्र0 सफाई मजदूर संरक्षण अधिनियम 1976 के प्रावधानों का भी उल्लंघन है। नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर तथा प्रतिष्ठित समाज सेवी संस्था माकाक्स के अध्यक्ष नदीम उद्दीन ने काशीपुर के नगर आयुक्त रवीन्द्र सिंह बिष्ट से मुलाकात करके उनको काशीपुर की सफाई व्यवस्था में सुधार करने व उसे राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में अग्रणी स्थान दिलाने के लिये लिखित रूप से विस्तृत सुझाव उपलब्ध कराये है। श्री नदीम द्वारा उपलब्ध कराये गये सुझावों के अनुसार भारतीय स्वच्छता अभियान, इसके अन्तर्गत जनता के सहयोग से आयोजित किये जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिये शहरी निकायों की सफाई संबंधी कार्य प्रणाली में सुधार तुरन्त किये जाने आवश्यक है। इन सुधारों में मुख्य रूप से कूड़ा सड़क पर डालने पर रोक, झाड़ू लगाने में कूड़ा नालियों में डालने पर रोक, घरों के दरवाजे से कर्मचारी द्वारा कूड़ा एकत्र करने की व्यवस्था, पर्यावरण मित्रों को दस्ताने आदि की समुचित व्यवस्था, तथा सिर व कूल्हें पर रखकर कूड़ा उठाने पर पूर्ण रोक, राहगीरों के लिये कूड़ेदानों की व्यवस्था, जैविक तथा अजैविक कूड़ा पृथक्कीकरण की व्यवस्था, कूड़ा फेंकने के लिये खुले वाहन व वाहनों के मार्ग में कूड़ा गिराने पर रोक, सार्वजनिक शौचालयों की समुचित व्यवस्था, कूड़ा फेंकने व गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही, सफाई में अवरोध करने वाले निर्माणों को कानूनी तरीके से हटाने की व्यवस्था, वाहनों की अवैध सड़क पार्किंग व अन्य अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने की व्यवस्था, पार्किंग स्थलों की व्यवस्था, सडकों पर जाम लगना रोकने की व्यवस्था, पथ विक्रेता अधिनियम का पूर्ण पालन करके पथ विक्रेताओं व सड़क पर चलने वालों के अधिकारों में समन्वय करना, कूड़ा फेंकने संबंधी फोटो सहित शिकायत उपलब्ध कराने वालों को पुरस्कार, सफाई संबंधी सूचनायें 48 घंटे में उपलब्ध कराने की अनिवार्य व्यवस्था शामिल किये जाने के सुझाव शामिल हैं।



## पेज एक का शेष...

**धामी ने नैनीताल में मार्निंग...**संवाद किया। बिना किसी औपचारिकता के जनता की बातें सुनना, समस्याओं को समझना और मौके पर ही अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश देना यही शैली उन्हें जनता के बीच जनता का असली मुख्यमंत्री बनाती है। लोगों के चेहरों पर संतोष और उत्साह साफ झलक रहा था। नागरिकों ने प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों, सड़क सुविधाओं, पर्यटन सुधार, सफाई व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। यह जनभावना इस बात का प्रमाण है कि उत्तराखण्ड सरकार की योजनाएं अब जमीन पर असर दिखा रही हैं और जनता स्वयं इस परिवर्तन को महसूस कर रही है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विकास तभी सार्थक है जब उसमें जनता की भागीदारी हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का हर निर्णय जनअपेक्षाओं और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप लिया जा रहा है। जनभागीदारी और पारदर्शिता पर आधारित यह 'धामी मॉडल' शासन को नए मानक दे रहा है, जिसमें जनता की राय और अनुभवों को सबसे ऊपर महत्व दिया जाता है। मुख्यमंत्री धामी का यह प्रात:कालीन जनसंवाद और विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण इस बात का प्रमाण है कि वे प्रशासनिक सक्रियता के साथ–साथ सीधे जनता से जुड़कर शासन को अधिक प्रभावी और संवेदनशील बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट एवं जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टी.सी. और अन्य लोग मौजूद रहे।

**नैनीताल प्रवास के दौरान...**इस संबंध में मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक नैनीताल सरिता आर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट,दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू,आयुक्त कुमाऊँ मंडल दीपक रावत, पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊँ रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि ,जनता उपस्थित रही ।

**दबंगों ने बारात ...**वहां आ पहुंचे और बारातियों से उलझने लगे। देखते ही देखते दबंगों ने बारातियों पर पथराव करना शुरू कर दिया। जिससे बारात में अफरातफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। इस घटना में कुछ लोगों को चोटें भी आ गई जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। मामले की सूचना मिलने पर थाना पुलिसकर्मी वहीं आ गये। पुलिस को देखते ही युवक वहां से भाग गये। परंतु थोड़ी देर बाद ही वह युवक पुन: अपने अन्य साथियों को साथ लेकर आ धमके और उन्होंने पत्थर बरसाने शुरू कर दिये। पुलिसकर्मियों ने उनका पीछा किया लेकिन वह भाग निकले। पुलिस का कहना है कि रोड़ पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखकर युवकों की पहचान कर ली जायेगी। बाद में पुलिस की मौजूदगी में वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न कराये गये। घटना के बाद से लोगों में काफी रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि इस क्षेत्र में स्मैकियों, शराबियों व जुआरियों का हमेशा जमावड़ा लगा रहता है। उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस को कई बार कहा जा चुका है परंतु पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है। जिससे इनके हौसले दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं।

**बीमारी से परेशान..**अंदर झांक कर देखा तो विवास को फांसी पर लटका पाया गया। चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास मौजूद अन्य परिजन भी आ पहुंचे और उन्होंने किसी तरह कमरे का कुंड़ा तोड़कर विवास को फांसी से उतारा मामले की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी भी आ पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर विवास को चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने बताया कि विवास के कमरे से एक सोसाईड नोट बरामद भी हुआ है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

**हादसे में दो सगे ...** जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दोनों भाइयों की मौत की खबर से कटारपुर गांव में मातम छा गया है। परिवार के लोगों का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दुर्घटना में लापरवाही किसकी थी। सड़क हादसे ने एक बार फिर क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों और भारी ट्रैफिक के बीच सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**औचक निरीक्षण से ...** थी। जिसको लेकर राजस्व विभाग भी सक्रिय था। यही नहीं भूमि की श्रेणियां भी चेंज नहीं कराई गई थी। जिस वजह से विवादों के निस्तारण में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। विकास प्राधिकरण द्वारा इस संबंध में अवैध भवनों के निर्माण को रोकने के लिए व्यापक पैमाने पर कदम उठाए जा रहे थे । जिस कड़ी में आज विकास प्राधिकरण के साथ मिलकर उप जिला अधिकारी गौरव पांडे, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, विद्युत वितरण के उपखंड अधिकारी डीसी गुरुरानी, खाद्य आपूर्ति अधिकारी राणा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला, कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू सहित तमाम सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सिरौली से अभियान की शुरुआत की। इस दौरान जांच पड़ताल में भूमि की श्रेणी में बदलाव नहीं करवाया जाना गया तथा भावनों का निर्माण कर दिया गया है कहीं कहीं पर किसी भूमि पर व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्थापित कर दिए गए हैं तथा अधिकांश भवनों का निर्माण स्टांप पर खरीद प्राप्त कर किया गया है। अधिकांश भूमि की जांच पड़ताल के दौरान ना तो श्रेणी बदली पाई गई और ना ही नक्शा पास हुआ था। उप जिलाधिकारी गौरव पांडे ने कहा है कि विकास प्राधिकरण से नक्शा पास कराए बगैर एवं भूमि की श्रेणी बदलाव किए बगैर भवनों का निर्माण किया जाना अवैधानिक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भूमि एवं भवनों के नक्शे की जांच पड़ताल लगातार जारी रहेगी। विकास प्राधिकरण की टीम को सहयोग देने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों को स्थल निरीक्षण के लिए बुलाया गया है। इसके अलावा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन का भी सहयोग लिया जा रहा हैं। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि स्टांप पर भूमि खरीदने के बजाय भूमि खरीदने के लिए नियमावली को अपनाते हुए श्रेणी चेंज करते हुए रजिस्ट्री कारण तथा दाखिल खारिज कर कर भूमि को अपने नाम कारण ताकि किसी भी प्रकार की विवादों से निपटा जा सके उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की भूमि खरीद प्राप्त में अब स्टांप प्रक्रिया नहीं चलेगी यह नियम विरुद्ध है उन्होंने स्पष्ट किया की रजिस्ट्री कराते हुए दाखिल करने के बाद भूमि करता सभी प्रकार की सुविधाओं को प्राप्त कर सकता है।

# इंस्पिरेशन स्कूल के संगीत महोत्सव में गूंजे सुर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन स्कूल में संगीत कार्यक्रम 'वॉइस ऑफ आईपीएस' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर अपनी संगीत प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुश्री वैशाली विजय (टीवी रियलिटी शो जज), प्रख्यात गायक श्री प्रभाकर जोशी, स्कूल प्रबंधक डॉ. दीपक बल्यूटिया, चेयरपर्सन डॉ. गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य श्री अनुराग माथुर तथा उपप्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा द्वारा दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती की वंदना से किया गया। प्रतियोगिता को जूनियर (कक्षा 6 से 8) और सीनियर (कक्षा 9 से 12) दो वर्गों में विभाजित किया गया था। रेट्रो सॉन्ग, फोक सॉन्ग और इंग्लिश सॉन्ग की तीन श्रेणियों में विद्यार्थियों ने अपनी मधुर आवाज, लय और ताल के बेहतरीन संयोजन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जूनियर वर्ग में जिंदगी एक सफर, फूलों का तारों का, क्या हुआ तेरा वादा, पिया बावरी, ऐ मेरे दिल के चैन, कौन दिशा में लेके चले और द नाइट जैसे गीतों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। वहीं सीनियर वर्ग में ओ दुनिया के रखवाले, तेरा मेरा प्यार अमर, लग जा गले, आपकी नजरों ने समझा, निगाहें मिलाने को, इतना न मुझसे तू प्यार बढ़ा, लव यूर्सेल्फ और सैंया बेदर्दी जैसी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को उत्कर्ष पर पहुंचा दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी हुई कला और संगीत प्रतिभा को मंच प्रदान करना था।कार्यक्रम का संचालन प्रियांशी हिंदवान, अभिनव जोशी, हिमाद्री तिवारी, कनिका पाठक, सवर्णिका बल्यूटिया और प्रियांशी बिष्ट ने किया, जबकि कार्यक्रम की सफलता में संगीत विभागाध्यक्ष श्री संजय गोस्वामी सहित संगीत एवं शिक्षण टीम के सभी सदस्यों का उल्लेखनीय योगदान रहा। समारोह में स्कूल के सभी शिक्षक–शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।



संस्थापक–स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक– परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन–245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रेनबो पब्लिक स्कूल के छात्रों ने ट्रेड फेयर का किया शैक्षिक भ्रमण

## कम्यूनिकेशन, नेविगेशन और सर्विलांस से संबंधित नवीनतम तकनीकों की ली जानकारी

रूद्रपुर। रेनबो पब्लिक स्कूल के कक्षा 7 से 11 के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा संदर्भित एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत दिल्ली स्थित प्रगति मैदान (भारत मंडपम) में आयोजित ट्रेड फेयर का अवलोकन किया। इस शैक्षिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अत्याधुनिक तकनीकों, आधुनिक अवसंरचना तथा उभरते करियर क्षेत्रों से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कम्यूनिकेशन, नेविगेशन और सर्विलांस से संबंधित नवीनतम तकनीकी प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें उन्नत संचार प्रणालियाँ, नेविगेशन तकनीक तथा हवाई सुरक्षा से जुड़ी अत्याधुनिक प्रणालियाँ प्रदर्शित की गई थीं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने एयरपोर्ट के अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे से संबंधित प्रदर्शनी भी देखी, जहाँ उन्हें आधुनिक हवाई अड्डों की संरचना, तकनीकी प्रक्रियाओं तथा यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। भ्रमण का विशेष आकर्षण युवा एएआई (एयरपोर्ट ऑथयोरिटी ऑफ इण्डिया) अधिकारियों द्वारा आयोजित करियर काउंसलिंग सत्र रहा। इस सत्र में विद्यार्थियों को विमानन क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों, आवश्यक कौशल, योग्यताओं तथा भविष्य की संभावनाओं के बारे में प्रेरणादायक जानकारी दी गई। छात्रों के साथ विद्यालय के शिक्षक जी, एस, रावत, पिकीं सिंह एवं लक्ष्मी नेगी ने भी प्रर्दशनी में बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार अग्रवाल ने बस को हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं सहित विदा किया एवं छात्रों द्वारा इस शैक्षिक भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।





# चंदौला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में वार्षिक खेल उत्सव जारी

रुद्रपुर। चंदौला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में वार्षिक खेल उत्सव उत्साह और जोश के साथ जारी है। बुधवार को खेल उत्सव के अंतर्गत वॉलीबॉल के रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. के.सी. चंदौला ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा शुभकामनाएँ देकर की। डॉ. चंदौला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों को न केवल जीत की भावना, बल्कि खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और कॉलेज हमेशा से खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता रहा है। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के मुकाबलों में प्रतिभागी टीमों ने शानदार तालमेल, रणनीति और जोश का परिचय दिया। खिलाड़ियों की हर सर्व, स्मैश और बचाव पर दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। आयोजन समिति के अनुसार वॉलीबॉल का फाइनल मुकाबला 29 नवंबर को आयोजित होगा, जिसमें विजेता टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। वार्षिक खेल उत्सव का औपचारिक समापन 1 दिसंबर को निर्धारित किया गया है, जिसमें विभिन्न खेलों के परिणाम घोषित किए जाएंगे और विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. टी.एस. द्विवेदी, डॉ. निरंजन यादव, आशीष पंत, श्वेता चौधरी, नवीन यादव, सीमा यादव, दुर्गेश, देवेंद्र सिंह, डॉ. नीरजा, अल्पना चौहान, अदिति चौहान, दीपक, शशि, मिर्जा, अभिराज और रमजा सहित कई कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।








# पहाड़ी रीति रिवाजों के साथ हल्द्वानी के फेमस यूट्यूबर सौरभ जोशी और अवंतिका भट्ट शादी के बंधन में बंधे

हल्द्वानी/ऋषिकेश(उद संवाददाता)। हल्द्वानी के फेमस यूट्यूबर सौरभ जोशी शादी के बंधन में बंध चुके है। ऋषिकेश के तपोवन स्थित एक रिजॉर्ट में मंगलवार को अपनी गर्लफ्रेंड अवंतिका भट्ट के साथ सात फेरे लिए। जिसकी पहली तस्वीर सोशल मीडिया पर आ चुकी है। पूरी तरह से शादी को गोपनीय रखा गया। शादी में दोनों परिवारों के परिवार वाले और करीबी लोग ही शामिल हुए। बताया जा रहा है कि शादी के बाद अब हल्द्वानी में रिसेप्शन होगा। वहीं सोशल मीडिया पर नव विवाहित जोड़े को फैन्स ने खूब शुभकामनाएं भी दीं। पहले भी सौरव अपने व्लॉग में इस बात का जिक्र कर चुके थे कि शादी बेहद ही सिंपल तरीके से होगी। सीक्रेट लोकेशन पर की जाएगी। जहां परिवार के ही लोग मौजूद रहेंगे। सौरव जोशी और अवंतिका दोनों के परिवार वाले सुबह से ही टिहरी के तपोवन रिसॉर्ट पहुंच रहे थे। कुमाउनी रीति-रिवाजों के साथ दोनों शादी के बंधन में बंधे। विवाह में लोक संस्कृति की छाप साफ नजर आई। ढोल-दमाऊ, परंपरागत 'छोलिया' शैली के स्थानीय गीतों ने माहौल को इमोशनल बना दिया। बताते चलें कि सौरव के चचेरे भाई कुनाली भी शादी में शामिल हुए। वो अक्सर उनके व्लॉग में नजर आते रहते है। शादी की लोकेशन को गोपनीय रखा गया। ऐसा इसलिए क्योंकि हाल ही में यूट्यूबर को धमकी मिली थी। जिसके बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ये कदम उठाया गया। दुल्हन की तरफ से पांच लोग, तो वहीं दूल्हे की तरफ से दस लोग शादी में शामिल हुए थे।

